तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 13 मई 2026

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

10 राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षको...



12 खडगेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व



## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**
Advt.

## खबर संक्षेप

### कैप्सूल वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत



**पलारी**। मंगलवार की शाम ग्राम बिनौरी के पास कैप्सूल वाहन की टक्कर से 27 वर्षीय युवक सागर मानिकपुरी सुन्दरावन निवासी की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुेचकर कार्यवाही करते हुए कैप्सूल वाहन क्रमांक सीजी 07 एटी 2047 को जब्त किया। बताया गया है कि हादसे के बाद से आरोपी चालक फरार हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक पल्सर बाइक से पलारी की ओर से बलौदाबाजार की ओर जा रहा था, तभी बिनौरी के पास दर्दनाक हादसा हो गया।

### 5.4 लीटर शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार**। जिला आबकारी की टीम ने अवैध मदिरा पर कार्यवाही करते हुए 5.4 लीटर लगभग 3 हजार रुपए के अवैध शराब जब्त की। जानकारी के अनुसार सोमवार को वृत्त पलारी में आबकारी विभाग द्वारा आरोपी शत्रोहन डहरिया पिता केजूराम डहरिया 24 वर्ष ग्राम नवागांव थाना पलारी के कब्जे से 30 पौवा कुल 5.4 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त की गई। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 3,000 होना पाया गया। आरोपी शत्रोहन डहरिया पिता केजूराम डहरिया के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) 59 (क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक पी माधव राव कमल वर्मा, दुर्गेश्वरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पंचायत उप चुनाव : जिले की 33 पंचायतों में आदर्श आचरण संहिता लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के लिए जारी अधिसूचना के साथ ही निर्वाचन होने वाले जिले के 33 ग्राम पंचायतों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गया है।

इसमें सरपंच पद हेतु 4 ग्राम जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकुरदी, कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत कोट (क ), सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवारी और दावनबोड में सम्पूर्ण ग्राम पंचायत में एवं अन्य में सम्बंधित वार्ड में ही लागू होगा। पंच पद हेतु विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत धनगांव, कोलिहा, देवरी शामिल है। भाटापारा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगारपुर, देवरी, सेम्हराडीह, पेण्ड्री, लच्छनपुर, कुकदा, दरेंगी, मल्दी, टोनाटार शामिल है।

इसी तरह कसडोल जनपद पंचायत अंतर्गत मड़कड़ा, मुड़पियाडीह, पीपरछेड़ी, हटौद, आमगांव, सरवानी, दर्रा(क), सेल, चैरादा(ब) शामिल है। पलारी जनपद पंचायत अंतर्गत धौंराभाठा, दतान(ख), मल्लिन, बांसबिनौरी एवं सिमगा जनपद पंचायत अंतर्गत आमाकोनी, जरौद, कचलोन, कोलिहा शामिल हैं।

## कसडोल और सिमगा ब्लाक में सरपंच पद के लिए चार पंचायतों में होगा चुनाव




### उप निर्वाचन प्रकिया समाप्त होने तक शासकीय अवकाश पर प्रतिबंध

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 के लिए जारी अधिसूचना के साथ ही निर्वाचन होने वाले जिले के सभी जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 33 ग्राम पंचायतों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गयी है। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 की प्रकिया समाप्त होने तक संबंधित जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों तथा राज्य शासन के उपक्रमों के अधिकारियों, कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित किया गया है। जिले में कोई भी अधिकारी, कर्मचारी बिना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) की अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेगें तथा मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। किसी अधिकारी, कर्मचारी द्वारा बिना अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान करने एवं बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ने पर पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 17 (2) (3) के आनुसार कार्यवाही की जावेगी। तथा संबधित कार्यालय प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

## छात्रों ने सौंपा ज्ञापन, कॉलेज में नए विषय और भवन निर्माण की मांग की

# कॉलेज के छात्रों ने प्रभारी मंत्री जायसवाल के समक्ष रखीं 7 मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



शासकीय महाविद्यालय पलारी के छात्र-छात्राओं ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार एवं मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष लोकेश यदु के नेतृत्व में क्षेत्र के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में वर्षों से लंबित समस्याओं को सामने रखते हुए जल्द निराकरण की मांग की।

छात्रों ने कहा कि पलारी महाविद्यालय में उच्च शिक्षा के पर्याप्त संसाधन नहीं होने के कारण क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विज्ञान संकाय में स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई उपलब्ध नहीं होने से विद्यार्थियों को अन्य शहरों की ओर जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है।

ज्ञापन में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में एमएससी गणित, जीव विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विषय प्रारंभ करने की मांग की। साथ ही कला संकाय के विद्यार्थियों के लिए बीए में भूगोल विषय शुरू करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। छात्रों का कहना है कि भूगोल विषय नहीं होने से अनेक विद्यार्थी अपनी पसंद का विषय लेकर अध्ययन नहीं कर पा रहे हैं। महाविद्यालय में अध्ययन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विद्यार्थियों ने स्वतंत्र ग्रंथालय ▶▶ शेष पेज 11 पर

### मंत्री जायसवाल ने किया महतारी सदन का लोकार्पण

**बलौदाबाजार**। सुशासन तिहार शिविर में शामिल होने पहुंचे जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम वटगन में महतारी सदन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने लगभग 30 लाख की लागत से निर्मित महतारी सदन के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया और गुणवत्तापूर्ण निर्माण की सराहना की।प्रभारी मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य करने के साथ ही योजनाएं लागू की हैं। इसमें महतारी सदन का निर्माण भी प्रमुख है। महतारी सदन गांव के स्व सहायता समूह के लिये काफी उपयोगी सिद्ध होगा। यहां समूह की महिलाएं बैठ कर हिसाब -किताब आगे की रणनीति पर चर्चा सहित अन्य सामाजिक कार्य के लिये भी उपयोग कर सकती है। उन्होंने कहा कि भवन बहुत अच्छा बना हैं, इसका रख रखाव बेहतर ढंग से होना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक डॉ, सनम जांगड़े,कलेक्टर कुलदीप शर्मा, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव सविता यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

# बाइक चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर के व्यस्ततम नेहरू चौक इलाके से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को सिटी कोतवाली पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपियों ने एक पुरानी चाबी को मॉडिफाई कर उससे बाइक का लॉक खोला और चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि प्रार्थी सूर्य प्रकाश हरिरमानी निवासी समृद्धि कॉलोनी ने 10 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 7 मई को उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 22 एसी 6486 अपने संस्थान 'गोल्डी गिफ्ट हाउस', नेहरू चौक के बाहर खड़ी की थी। रात करीब 7.30 बजे जब वे बाहर आए, तो उनकी बाइक गायब थी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद कर जांच शुरू की थी। उन्होंने एक पुरानी इस्तेमाल की गई चाबी को डुप्लीकेट चाबी के रूप में तैयार किया और उसी की मदद से नेहरू चौक से बाइक पार कर दी।पुलिस ने चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों को 12 मई विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

■ नेहरू चौक के पास रखी थी बाइक

### आरोपी कचरा बीनने का काम करते थे

पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन में सिटी कोतवाली पुलिस सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र के जरिए आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि कुकुरदी बाईपास के पास दो संदिग्ध युवक बाइक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी भैंसापसरा निवासी 22 वर्षीय दुखू भारती और 19 वर्षीय शिवम भारती ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने बताया कि वे दोनों कचरा बीनने का काम करते हैं। अपने खर्चों को पूरा करने के लिए उन्होंने बाइक चोरी की योजना बनाई।

## पत्नी को लेकर टिप्पणी पर विवाद, दो युवकों पर मारपीट का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर के पुराना मंडी रोड बाजार पारा क्षेत्र में पत्नी को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, प्रार्थी मोहम्मद मोइन की शिकायत पर सिटी कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 115(2), 296, 3(5) एवं 351(2) के तहत अपराध कायम किया गया है।




रिपोर्ट के मुताबिक, 12 मई को आरोपी साहिल खान और मोहम्मद जिलानी ने प्रार्थी को बातचीत के बहाने बुलाया। वहां पहुंचने पर आरोपियों ने उसकी पत्नी को लेकर आपत्तिजनक बातें कही। विरोध करने पर दोनों ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

घटना में प्रार्थी को चेहरे और गले में चोटें आई हैं। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके बड़े भाई के साथ भी आरोपियों द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने की बात कही गई है। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई है।

### हितग्राहियों को तीन माह का दिया जा रहा चावल

**भैंसा**। राज्य शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिले के नागरिकों एवं राशनकार्डधारियों की सुविधा को दृष्टिगत सभी पात्र हितग्राहियों को माह अप्रैल, मई एवं जून तीन माह का चावल एकमुश्त प्रदाय किया जा रहा है। सेल्समैन देव जांगड़े में बताया कि निर्देशानुसार भैंसा पंचायत में संचालित सभी हितग्राहियों को चावल प्रदान किया जा रहा है एवं सभी हितग्राहियों तीन माह का खाद्यान्न आबंटित किया जाना सुनिश्चित करने कार्य किया जा रहा है।

## 350 साल पुरानी 'श्री देवांगन पुराण' की पांडुलिपि ज्ञान भारतम पोर्टल पर दर्ज

# खरोरा की विरासत को मिलेगी राष्ट्रीय पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

भारत सरकार की ज्ञान भारतम योजना के तहत देश की प्राचीन पांडुलिपियों को संरक्षित करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में खरोरा नगर पंचायत के 76 वर्षीय पं. संतोष राव के पास संरक्षित दो दुर्लभ पांडुलिपियों को ज्ञान भारतम पोर्टल में दर्ज किया गया। पं. संतोष राव के पास माता परमेश्वरी से संबंधित श्री देवांगन पुराण की दो पांडुलिपियां हैं : 1. 350 वर्ष पुरानी पांडुलिपिः भोजपत्र पर लिखित, 101 पृष्ठ 2. 100 वर्ष पुरानी पांडुलिपिः 151 पृष्ठ ये दोनों पांडुलिपियां पीढ़ियों से उनके परिवार द्वारा सुरक्षित रखी गई हैं। भोजपत्र पर लिखी 350 वर्ष पुरानी पांडुलिपि विशेष रूप से ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।



कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर सोमवार को प्रशासनिक अमला पंडित संतोष राव के निवास पहुंचा। एसडीएम आशुतोष कुमार देवांगन, तहसीलदार खरोरा चंद्रशेखर मंडई, अतिरिक्त तहसीलदार सूर्यकांत कुंभकार और सीएमओ खरोरा ओमप्रकाश सिंह ने पंडित संतोष राव को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने दोनों पांडुलिपियों का अवलोकन किया और ज्ञान भारतम ऐप में उनकी पूरी जानकारी, फोटो और विवरण अपलोड किया। ज्ञान भारतम योजना का उद्देश्य देशभर में बिखरी प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण कर उन्हें भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित करना है।

एसडीएम आशुतोष देवांगन ने कहा कि यह खरोरा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि भारत की अमूल्य विरासत को यहां के नागरिक ने इतने वर्षों तक संजो कर रखा। यह पांडुलिपियां हमारी संस्कृति, इतिहास और धार्मिक परंपरा का जीवंत दस्तावेज हैं। पंडित संतोष राव ने बताया उनके पूर्वजों ने इन ग्रंथों को संभालकर रखा था।



**खबर संक्षेप**

## युवक को एनडीपीएस में कैद के साथ जुर्माना

रायपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व आठ लीटर कफ सिरप के साथ गिरफ्तार आरोपी को विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट ने 15 वर्ष कैद के साथ डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने अजय दखवानी को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। कोतवाली थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अजय दखवानी के शैलेंद्र नगर स्थित किराए के मकान से 80 शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त किया था।

## संबित मिश्रा ने संभाला निगम आयुक्त का पदभार



रायपुर। 2018 बैच के आईएएस अधिकारी संबित मिश्रा ने सोमवार को महात्मा गांधी सदन में रायपुर नगर निगम के आयुक्त का पदभार संभाल लिया। वे इससे पहले बीजापुर जिले के कलेक्टर पदस्थ थे। गांधी सदन के द्वितीय तल स्थित आयुक्त कक्ष में पहुंचकर उन्होंने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर अपर आयुक्त सामान्य प्रशासन विभाग लोकेश्वर साहू और उपायुक्त सामान्य प्रशासन कृष्णा खटिक ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया।

## प्रधानमंत्री मोदी परिस्थितियों से डरकर सरेंडर कर रहे : बैज

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के नागरिकों से सोना नहीं खरीदने तथा पेट्रोल, डीजल बचाने की अपील पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी स्थितियों के सामने सरेंडर कर रहे हैं तथा अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। प्रधानमंत्री अपनी विफलता को



देशभक्ति से जोड़कर जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। यदि देश में पेट्रोलियम, डीजल का संकट है, तो उसके पीछे मोदी सरकार की विफल नीतियां हैं। मोदी सरकार ने अपनी विदेश नीति को भारत की पारंपरिक विदेश नीति को अपनायी होती, तो रूस जैसे भारत के पारंपरिक मित्र के साथ खड़े होते, अमेरिका-ईरान युद्ध में भारत का झुकाव अनावश्यक रूप से अमेरिका के साथ नहीं होता, तो देश के सामने पेट्रोलियम की कमी नहीं आती।उन्होंने कहा, मोदी की अपील के बाद भाजपाई, मंत्री, विधायक, पदाधिकारी, साइकिल से चलें डीजल-पेट्रोल बचायें प्रधानमंत्री की सलाह पर अमल पहले उनके दल के लोगों को करना चाहिए, उसके बाद आम जनता से अपेक्षा करें।।

## शहर कांग्रेस वार्डों की समस्याओं के साथ संगठन का ले रही फीडबैक



रायपुर। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन एवं उनकी टीम रायपुर शहर के प्रत्येक वार्ड के हर गली-मोहल्ला में वहां की जनता की समस्याओं का निदान कराने अभियान चला रही है। उनके द्वारा वार्ड के बूथ और वार्ड संगठन का फीडबैक ले रहे हैं। शहर कांग्रेस ने अब तक 25 वार्डों का दौरा किया है। वहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सक्रियता के साथ ही संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की जा रही है। शहर के सभी 70 वार्डों का दौरा कर वहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है। बताया गया है कि बारिश के पूर्व शहर के हर वार्ड में डूबान वाले क्षेत्रों के बड़े नालों की सफाई को लेकर भी अभियान छेड़ा जा रहा है। इन समस्याओं के माध्यम से कांग्रेस सीधे जनता से जुड़ रही है। आम लोगों के बीच उनकी समस्याओं को लेकर वहां के पार्षद और विधायक की सक्रियता को देखा जा रहा है।

# सहकारी समिति का भवन खंडहर, जान जोखिम में डाल रहे किसान व कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा भाटापारा के अंतर्गत सहकारी समिति अर्जुनी का कार्यालय भवन एवं राशन भंडारण भवन अत्यंत जर्जर हो गया है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। हाल ही में खरीफ वर्ष के लिये अल्पकालीन ऋण लिखाने किसान पहुच रहे हैं। इस जर्जर भवन में किसानों का आना जाना लगा रहता है। साथ ही समिति कर्मचारी भी जान जोखिम में डालकर कार्य करने मजबूर है। कभी भी छत का प्लास्टर टूट कर गिरने की आशंका बनी रहती है।

बारिश में छत से पानी टपकता है और दीवारों का प्लास्टर गिर रहा है। इस भवन को देखकर किसानों में भी चर्चा का विषय बना रहता है कि ये भवन कब बनेगा। किसानों ने नए भवन के जर्जर खण्डहर पर निर्माण कार्य नहीं होने से आक्रोश व्यक्त किया है। क्षेत्र के रवान अर्जुनी, खैरताल गांव के किसान अर्जुनी सहकारी समिति पंजीयन क्रमांक 377 पर अपने खेती किसानी के कार्य के लिए निर्भर रहते हैं, जिससे भवन जर्जर होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। बारिश के मौसम में छत से जहां पानी टपकता है, वहीं भवन की दीवार से लेकर छत के प्लास्टर टूटकर गिर रहे हैं। शिकायत के बाद भी प्रबंधन समिति व विभागीय अधिकारियों के उदासीनता की वजह से लोगों में रोष है। काफी अर्से पूर्व इस भवन का सहकारी समिति भवन का निर्माण कराया गया था। जो कि देख-रेख के अभाव में पूरी तरह से भवन जर्जर हो गया है। उसके ढहने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने भवन के मरम्मत नहीं होने से चिंता जतायी है।

### टूटती छत और गिरता प्लास्टर, शिकायतों के बाद भी नहीं हुई मरम्मत

**टूटी कुर्सियांबैठने को मजबूर**

किसानों का कहना है कि हमारे लिए साधन संपन्न भवन होना था जो कि देखरेख व अधिकारियों व प्रबंधन समितियों के उदासीनता के चलते जर्जर हालात में है। छत से सरिया फ्लोरिंग भी जर्जर कार्यालय में टूटे कुर्सी में कर्मचारी बैठने को मजबूर है। समिति के कर्मचारियों के लिए संसाधन नाम मात्र है। टूटे कुर्सियां किसानों के बैठने तक बेंच नहीं है। इतना ही नहीं जर्जर कार्यालय में जान जोखिम में डाल काम करने को मजबूर है।



**कर्मचारियों की बढ़ी मुश्किलें**

कर्मचारियों का कहना है कि यदि इस स्थिति में कोई बड़ी दुर्घटना घटित होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? भवन की हालात इतनी खराब है कि छत और दीवार का प्लास्टर उखड़ कर गिर रहा है। इसके चलते समिति में राशन भंडारण केंद्र में चावल एवं अन्य सामग्री बारिश में भीगने की आशंका बनी रहती है। बारिश से समिति द्वारा उपार्जन केंद्र में खाद बीज रखने को मजबूर है, जिससे किसानों को उठाव में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इससे किसानों को काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। क्षेत्र के किसानों ने जर्जर हो चुके समिति के भवन को नए सिरे से बनाने की मांग की है।

सीएम हाउस में टॉपर्स संग संवाद, शिक्षा और सपनों पर हुई खुलकर चर्चा

# साय बोले- सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं मेहनत के साथ जरूरी है स्वस्थ दिनचर्या

**एक दिन पूर्व दस मेधावी छात्रों को दिखाया गया था आईपीएल मैच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



दसवीं और बारहवीं कक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्रों ने सोमवार को मुख्यमंत्री से उनके निवास में मुलाकात की। टॉपर्स के लिए विशेष संवाद कार्यक्रम रखा गया था। सीएम विष्णुदेव साय ने विद्यार्थियों के साथ बेहद सहज और प्रेरणादायी संवाद करते हुए उनके सपनों, पढ़ाई की दिनचर्या, सफलता के अनुभव और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। पढ़ाई केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली सबसे बड़ी शक्ति है। शिक्षा ही व्यक्ति और समाज के विकास का मूल आधार है।

विद्यार्थियों से परिचय प्राप्त करने के बाद उनसे पूछा कि वे भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। इस दौरान विद्यार्थियों ने डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस और अन्य क्षेत्रों में जाकर देशसेवा करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की आकांक्षाओं की सराहना करते हुए कहा कि बड़े सपने देखने वाले ही जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल करते हैं। विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई की दिनचर्या और सफलता के अनुभव भी साझा करवाए। उन्होंने कहा कि नियमित दिनचर्या, समय का सही प्रबंधन और निरंतर अभ्यास सफलता की सबसे महत्वपूर्ण कुंजी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं भी अपने जीवन में अनुशासित दिनचर्या का पालन करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है।

### सार्वजनिक जीवन में समय प्रबंधन महत्वपूर्ण

*विद्यार्थियों को योग, नियमित व्यायाम और संतुलित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देते हुए सीएम ने कहा कि योग व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है। जीवन में परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि व्यक्ति मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ता है, तो सफलता अवश्य मिलती है। सार्वजनिक जीवन में समय प्रबंधन और जिम्मेदारी का महत्व बहुत अधिक होता है। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता, आधुनिक संसाधनों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने और प्रदेश तथा देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले दस मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप राज्य शासन की पहल पर एक दिन पूर्व नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल क्रिकेट मैच देखने का अवसर भी प्रदान किया गया था।*

# पुराने सैंपलों का पता नहीं और 15 दिन में उठा लिए पांच दर्जन से ज्यादा नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दवाओं की गुणवत्ता का पता लगाने की लगातार लिए गए करीब हजार सैंपलों की जांच का पता नहीं है। वहीं खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने 15 दिन अभियान चलाकर पांच दर्जन से ज्यादा नमूने और एकत्रित कर लिए हैं। औषधियों की जांच में होने वाली देर की एकमात्र वजह एनालिस्टों की कमी है। राज्य के एकमात्र लैब में 6 लोगों के कंधों पर यह जिम्मेदारी है। संवेदनशील मामलों में जांच के लिए सैंपल की दूसरे राज्यों के भरोसे जांच करा ली जाती है, मगर रूटीन के सैंपलों की रिपोर्ट आने में तीन से चार माह तक का समय भी लग जाता है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के इंटीग्रेटेड लैब शुरू होने की प्रक्रिया अभी पाइपलाइन में है। इसकी वजह से पुराने लैब में विभिन्न औषधियों की जांच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है, इससे मामले की जांच भी प्रभावित होती है।



■ दवाओं की जांच के लिए विभाग में एनॉलिस्ट की भारी कमी, 6 के भरोसे पूरा प्रदेश

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने 15 दिन तक अभियान चलाकर प्रदेश के विभिन्न दवा और कास्मेटिक दुकानों से करीब पांच दर्जन सैंपल एकत्रित किया है। इन्हें जांच के लिए राजधानी स्थित एकमात्र लैब भेजा गया है, जहां पहले से ही करीब एक हजार सैंपल जांच के इंतजार में रखे हुए हैं। सूत्रों के अनुसार पुराने लैब के उपकरणों और मानव संसाधन की क्षमता काफी सीमित है। इसकी वजह से लिए जाने वाले सैंपलों की जांच सही समय पर नहीं हो पा रही है। वर्तमान में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम के पास दो ड्रग एनालिस्ट और उनके दो-दो असिस्टेंट यानी कुल 6 लोग कार्यरत हैं। विभागीय अधिकारियों का तर्क है कि दवाओं की जांच के लिए दूसरे राज्यों के मान्यता प्राप्त लैब से एग्रीमेंट किया गया है। संवेदनशील और इमरजेंसी वाले मामलों में सैंपलों की टेस्टिंग वहां से करा ली जाती है। इससे किसी बड़े मामलों की जांच प्रभावित नहीं होती।

### ढाई हजार से ज्यादा दुकानों तक पहुंची टीम

27 अप्रैल से 11 मई तक चलाए गए अभियान के दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने राज्य के करीब ढाई हजार दवा दुकानों में जाकर अपनी जांच की। उनकी जांच का फोकस कास्मेटिक से संबंधित सामग्रियों की जांच थी। रायपुर जिले के औषधि निरीक्षकों ने इस दौरान 124 दुकानों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा थोक दवा व्यापारियों नियम के अनुरूप कारोबार करने के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इस अभियान के दौरान उनके साथ राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम भी शामिल थी। जांच के दौरान क्रय-विक्रय के दस्तावेजों के संधारण में लापरवाही पर 14 फर्मों को नोटिस जारी किया गया। दो संस्थानों को गंभीर अनियमितता मिलने पर बंद कर दिया गया और सात विधिक सैंपल जांच के लिए गए।

# सीएम साय असम में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण में होंगे शामिल

**दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा के साथ विशेष विमान से रायपुर से गुवाहाटी उड़े**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा असम में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण में शामल होंगे। सोमवार की शाम को रायपुर से सभी विशेष विमान से गुवाहाटी के लिए रवाना हुए। रात्रि विश्राम गुवाहाटी में करने के बाद मंगलवार को शपथ ग्रहण में शामिल होने के बाद सभी वापस रायपुर लौटेंगे।



असम में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी है। वहां पर हेमंत विश्वा शर्मा को विधायक दल का नेता चुना गया है। वे एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे और मंगलवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए ही प्रदेश के मुख्यमंत्री, दोनों डिप्टी के साथ गए हैं। असम चुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ ही दुर्ग के सांसद विजय बघेल को एक-एक लोकसभा की सभी विधानसभाओं को जिम्मा दिया था। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू पहले ही दिल्ली के गुवाहाटी पहुंच गए हैं। सांसद विजय बघेल परिवार में विवाह समारोह होने कारण नहीं गए हैं।

# सिंधु भवन में सुशासन तिहार शिविर, दो घंटे में 623 आवेदन 13 को भवन अनुज्ञा, 6 नागरिकों को राशनकार्ड बनाकर दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के 7 वार्डों के लिए सोमवार को सिंधु भवन में सुशासन तिहार शिविर लगाया गया। इस दौरान सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर में 2 घंटे में 623 आवेदन मिले। इनमें 450 मांगें और 173 शिकायतें शामिल रहीं। सबसे ज्यादा आवेदन लोककर्म विभाग से जुड़े रहे। सड़क, नाली निर्माण और अधोसंरचना संबंधी समस्याओं को लेकर विभाग के 229 आवेदन मिले, यानी बुनियादी सुविधाओं को लेकर लोगों की मांग ज्यादा रही। इस मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान निर्माण के लिए 13 आवेदकों को भवन अनुज्ञा पत्र, 6 नागरिकों को नया राशनकार्ड और 5 नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन्न कराया गया। इस मौके पर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, निगम आयुक्त संबित मिश्रा, जोन-3 अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू उपस्थित रहे।



राजधानी के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड के सामने सिंधु भवन में सुशासन तिहार शिविर 2026 लगाया गया। शिविर में रायपुर नगर निगम सहित जिले के विभिन्न 16 शासकीय विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में आम जनता की मांगों और शिकायतों को सुनने और उसके समाधान करने का सिलसिला चलता रहा। इस मौके पर रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि जल्द ही जोन 3 क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान के लिए खम्हारडीह क्षेत्र में नई पानी टंकी का निर्माण कराने भूमिपूजन किया जाएगा। श्री मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार में प्रधानमंत्री आवास योजना के 13 हितग्राहियों को आवेदन पर मकान निर्माण के लिए भवन अनुज्ञा पत्र जारी किया गया। 5 नागरिकों को तत्काल राशनकार्ड बनाकर दिए गए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सुशासन तिहार में लोगों की समस्याएं व मांगें सुनकर उनका त्वरित समाधान किया जाएगा।

महापौर मीनल चौबे ने कहा कि जोन 3 के अधिकारी अवैध कब्जों की शिकायत का निराकरण करें, जन समस्याओं का समाधान गंभीरता से करें। शिविर में जिन शिकायतों का समाधान रायपुर नगर निगम के माध्यम से नहीं हो सकता उनका समाधान करने राज्य शासन के निर्देश पर सुशासन तिहार शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में प्राप्त शिकायतों का अगले एक माह के भीतर राज्य शासन के निर्देश पर त्वरित समाधान किया जाएगा। सुशासन तिहार शिविर में जोन अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू, जलकार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू, वार्ड पार्षद कैलाश बेहरा, राजेश गुप्ता, प्रदीप कुमार वर्मा, महेश ध्रुव, पुष्पा-रोहित साहू, एसडीएम नंदकिशोर चौबे, अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन आयुक्त प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे सहित संबंधित जोन के अधिकारी मौजूद रहे।



### नरदहा में लगा जनसमस्या निवारण शिविर 200 आवेदनों का मौके पर निराकरण

सुशासन तिहार के तहत सोमवार को जिले के ग्राम पंचायत नरदहा आरंग में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। इस शिविर में 975 आवेदन किए गए थे, जिनमें से दो सौ से अधिक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार शिविर जनमानस की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। सुशासन का अर्थ अच्छे शासन से है, जो न्याय पूर्ण पारदर्शी एवं जनता के प्रति जवाबदेही है। शिविर में मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम कार्ड एवं नवीनीकरण, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभागों के काउंटर लगाए गए थे। कार्यक्रम में जनपद पंचायत आरंग की अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, एसडीएम अभिलाषा पैंकरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पीपीपी मूल्यांकन समिति की बैठक

# नवा रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, बलौदाबाजार और भिलाई में पीपीपी मॉडल की परियोजनाएं होंगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, बलौदाबाजार में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से बड़े निर्माण कराए जाएंगे। छत्तीसगढ़ में औद्योगिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंत्रालय (महानदी भवन) में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम की सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति ने विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के केंद्र में रही प्रमुख परियोजनाएं में बिलासपुर में ट्रांसपोर्ट नगर का विकास, नवा रायपुर में अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण, धमतरी (छाती) एवं बलौदाबाजार (चंदेरी) मे नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास के अलावा भिलाई में कमर्शियल टॉवर और फ्लेटेड फैक्ट्री बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है।

छत्तीसगढ़ में औद्योगिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंत्रालय (महानदी भवन) में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम की सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति ने विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव विकासशील ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि औद्योगिक परियोजनाओं को गति देने के लिए नियमों का सरलीकरण किया जाए।

### विकसित होंगी ये प्रमुख परियोजनाएं

बैठक में सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल के माध्यम से राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के केंद्र में रही प्रमुख परियोजनाएं में बिलासपुर में ट्रांसपोर्ट नगर का विकास, नवा रायपुर में अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण, धमतरी (छाती) एवं बलौदाबाजार (चंदेरी) मे नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास के अलावा भिलाई में कमर्शियल टॉवर और फ्लेटेड फैक्ट्री बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है।

# पांच महीने से सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं, दाने-दाने को मोहताज हुए बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांगजन : धनेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने प्रधानमंत्री,व मुख्य मंत्री को पत्र प्रेषित कर कहा है कि केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थी पिछले 5 महीनों से सरकारी उपेक्षा का शिकार हैं।

श्री साहू ने कहा है कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन योजना के तहत मिलने वाली राशि पिछले 5 महीनों से लाभार्थियों तक नहीं पहुंची है। राशि न मिलने के कारण कई परिवार भुखमरी की कगार पर हैं। जिससे बदहाली का जीवन जीने को मजबुर



हो रहे है । दवाई, राशन और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के लिए यह वर्ग पूरी तरह इस पेंशन पर निर्भर है। यह गरीब लोगों की दवा और रोटी का सवाल है जिनके पास आय का कोई अन्य स्त्रोत नहीं है। अधिकारी वर्ग इस विषय पर मौन साधे हुए हैं और गरीब जनता कार्यालयों के चक्कर काटकर थक चुकी है। डिजिटल इंडिया के इस दौर में भी यदि सहायता राशि पहुंचने में 5 महीने की देरी हो रही है, तो यह दोनो डबल इंजन शासन के व्यवस्था की संवेदनशीलता को दर्शाता है।

उन्होने प्रधान मंत्री और मुख्य मंत्री से मांग की है कि पिछले 5 महीनों की रूकी हुई पेंशन राशि अविलंब एकमुश्त जारी की जाए एवं भविष्य में हर महीने की एक निश्चित तिथि को पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जावे और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। धनेन्द्र साहू ने केन्द्र एवं राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए यह भी कहा हैं कि यदि जल्द ही पेंशन राशि जारी नहीं की गई, तो प्रभावित वर्ग को लेकर कांग्रेस पार्टी राजधानी, शहर से लेकर गांव-गांव में आंदोलन के लिए मजबूर होगी।

## खबर संक्षेप



### डिकेश्वर वर्मा को प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

बलौदाबाजार। शहर के वरिष्ठ प्रसार सहयोगी डिकेश्वर वर्मा के निधन पर प्रेस क्लब के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों एवं सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।डिकेश्वर पिछले लगभग 40 वर्षों से विभिन्न समाचार पत्रों के प्रसार सहयोगी के रूप में कार्यरत थे।

### खाद की कमी से किसान आक्रोशित नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



रायपुर। किसान खरीफ की तैयारी जोरों से कर रहे हैं। खेतों की जुताई कर किसान नर्सरी तैयार करने की शुरुआत कर रहे हैं। खुर्रा बोनी की भी तैयारी है। खाद की कमी और समय पर वितरण न होने से धान के उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है। खाद के लिए भटकने मजबूर किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों की इस समस्याओं को लेकर किसान नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा और सारागांव समिति के सदस्यों ने सोमवार को कलेक्टर रायपुर के नाम सारागांव नायब तहसीलदार अशोक जंघेल को ज्ञापन सौंपा। साथ ही इस खाद वितरण प्रणाली एवं पूर्व वर्ष की भांति खाद देने एवं एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन की अनिवार्यता को समाप्त कर सुगमता से तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। व्यवस्था में सुधार नहीं होने की स्थिति में किसानों द्वारा चक्काजाम की चेतावनी दी गई है।

# राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षकों ने की शिक्षा अधिकारी से भेंट

## स्कूलों में संचालित शाला विकास सम्बन्धी गतिविधियों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड सिमगा के सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षकों ने आज विकासखंड कार्यालय सिमगा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय श्रीवास्तव से सौजन्य भेंट की और अपने शालाओं में संचालित शाला विकास सम्बन्धी गतिविधियों की जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर सहायक विकासखंड अधिकारी राकेश सिंह, चतुर सिंह ध्रुव , बीआरसी किरण कुमार वर्मा सहित सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर महासंघ राज्य इकाई के द्वारा शिक्षा अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। प्रदेश अध्यक्ष भारती वर्मा ने बताया कि विगत दिनों राजधानी रायपुर में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला शिक्षक महासंघ (पंजी) नई दिल्ली, राज्य इकाई छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में प्रदेश के नवाचारी शिक्षकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लता एस मुल्लुर, स्वाति वर्मा, सहित डॉ मनीषा वत्स, डीएसपी रूचि वर्मा, लोकेश कुमार वर्मा, भारती वर्मा, महासचिव नीलम वर्मा भी उपस्थित रही। महासंघ का गठन के पश्चात सभी राज्य पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद प्रदेश से आए सभी नवाचारी शिक्षकों का सम्मान किया गया।



### इनका हुआ सम्मान

इसमें विकासखंड सिमगा के सक्रिय व नवाचारी शिक्षक परमानंद साहू शा.प्रा.शा. हरिनभट्टा, नीलकंठ यादव शा.प्रा.शा. जांगडा, चिन्ताराम धीवर शा.प्रा.शा. नेवधा, चित्रा साहू शा.पूर्व माध्यमिक शाला कोलिहा, गणेश राम साहू बालक पूर्व माध्यमिक शाला हथबंद, पुष्पलता नायक शा.प्रा.शा. पौंसरी, दुलारी ध्रुव शा.प्रा.शा. टिहूपारा सिमगा, शकुन्तला साहू शा.प्रा.शा. लांजा, अर्चना यादव बीआरपी सिमगा, लक्ष्मी धिकड़े शा.प्रा.शा . कुकराचुन्दा, निहारिका तिवारी शा.प्रा.शा. सिमगा, प्रणिता वर्मा शा.प्रा.शा. बिनेका, धरमपाल डहरिया संकुल समन्वयक हथबंद, बिंदा देवांगन शा.प्रा.शा. खैरघट, संजय कुमार वर्मा शा.प्रा.शा . कचलोन, गिरिजा वर्मा शा.प्रा.शा. खैरघट, मोहन लाल वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुडपार, बिंदु वर्मा शा.प्रा.शा. खिलोरा, बैजंती कौशिक शा.प्रा.शा. नेवधा को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान देकर सम्मानित किया

## जनसमस्या निवारण शिविर, विभागीय स्टॉल व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

# जांगड़ा और चिचिरदा में समाधान शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार 13 मई को ग्रामीण क्षेत्रों में 2 स्थान पर एवं 7 नगरीय क्षेत्र में समाधान शिविर का आयोजन होग़ा। शिविर प्रातः 10 से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा।

विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत ग्राम चिचिरदा में शिविर आयोजित होग़ा जिसमें ग्राम पंचायत चिचिरदा, करदा, सरखोर, अहिल्दा, बरदा, पैजनी, कसियारा, भद्रा, कोरदा, डोंगरा, डोंगरीडीह, अमलकुण्डा, परसाडीह, पण्डरिया, अमलीडीह, बाजारभाठा, मरदा के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत जांगड़ा शिविर में खिलोरा, मोहभटठा, मनोहरा, अकलतरा, लावर, कुकराचुंदा, जांगड़ा, भंवरगढ़, बिलाईडबरी, सीतापार, हथबंद, धोधा, नेवधा, उड़ेला, केसली, मुड़पार, सिनोधा, गोरदी, पौंसरी (हथंबद) शामिल है। नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिका परिषद् बलौदाबाजार में बेसिक प्राथमिक शाला भवन, नगर पालिका परिषद् भाटापारा के ईतवरी राम यादव शासकीय बहु.उ.मा., नगर पंचायत पलारी के सरस्वती चौक, कसडोल के नगर भवन, टुण्ड्रा के टिकरापारा सामुदायिक भवन, रोंहासी के ठाकुरदिया चौक एवं नगर पालिका सिमगा के सांस्कृतिक भवन में शिविर आयोजित होग़ा।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर क़ी बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। शिविर स्थल पर आवेदन पंजीयन केन्द्र होग़ा।

शिविर में जल संचयन की शपथ ली जाएगी। पारंपरिक वेशभूपा में छत्तीसगढ़ी लोक कला, विभागीय योजनाओं एवं जल संचयन एवं संरक्षण आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होग़ा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,विद्यत विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विभाग, कौशल उन्नयन विभाग, जिला विधिक सेवा, कषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,जल संसाधन विभाग, वन विभाग, समाज कल्याण विभाग, खेल विभाग द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। शिविर में अधिक से अधिक लोगों क़ी उपस्थिति हेतु शिविर आयोजन के पूर्व सभी सम्बधित गांव में मुनादी कराने के निर्देश दिये गए हैं।

### खौना पंचायत में आज लगेगा सुशासन तिहार शिविर

खरोरा। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 1 मई से 10 जून तक संचालित होगा। इसी क्रम में जनपद पंचायत तिल्दा-नेवरा अंतर्गत ग्राम पंचायत खौना में 13 मई को सुशासन तिहार शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में आसपास की 21 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा। प्रशासन ने क्षेत्र के सभी ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं का निराकरण कराने की अपील की है।

### सुशासन तिहार का बेसिक शाला में आयोजन आज

बलौदाबाजार। सुशासन तिहार को प्रथम आयोजन कार्यालय नगर पालिका परिषद में किया गया। तिहार का द्वितीय आयोजन 13 मई को वार्ड 7, 8, 9, 10 ,11 ,12, 13 एवं 14 के लिए स्थानीय बेसिक शाला बजरंग चौक में किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने बताया कि शिविर सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण हेतु प्रातः 11 से 3 बजे तक आयोजित किया गया है, जिसमें सुशासन तिहार में जन सामान्य द्वारा समस्याओं एवं मांग से संबंधित आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। साथ ही हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ विभिन्न विभाग के स्टाल भी लगाए जाएंगे। इसके साथ ही निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर दवाई वितरण सहित नगर पालिका, महिला बाल विकास विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग,खाद्य विभाग, एनआईसी पशु चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने स्टाल पर उपस्थित रहेंगे व आवेदन प्राप्त किया जाएगा।

# कांता बनीं जिला साहू संघ की महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल/ गिधौरी



जिला साहू संघ बलौदाबाजार के नवगठित पदाधिकारियों की घोषणा में हसुवा निवासी शिक्षिका कांता महेंद्र साहू को महासचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर समाजजनों में खुशी का माहौल है।

श्रीमती साहू लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रही हैं। उनके पति महेंद्र कुमार साहू पूर्व में तहसील साहू संघ कसडोल के अध्यक्ष एवं टुंडरा संघ के प्रथम अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में धर्मांतरण रोकथाम, कर्मा माता चौक निर्माण, कर्मा जयंती आयोजन एवं वृद्धजन सम्मान समारोह जैसे कई सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुनील साहू, पूर्व उपाध्यक्ष रेवाराम साहू, दीनदयाल साहू, राजाराम साहू एवं अन्य पदाधिकारियों की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई। नियुक्ति पर शत्रुघ्न साहू, पहलाद साहू, प्रेमलाल साहू सहित अनेक समाजजनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### ऋषि साहू बने पलारी ब्लॉक कांग्रेस के महामंत्री



पलारी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं कसडोल विधायक संदीप साहू की सहमति तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे के अनुमोदन के बाद पलारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि बंजारे ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। इसमें पलारी निवासी एवं पूर्व छात्र नेता ऋषि साहू को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का महामंत्री नियुक्त किया गया है।ऋषि साहू छात्र जीवन से ही कांग्रेस संगठन में सक्रिय रहे हैं। पलारी महाविद्यालय में छात्रसंघ उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद उन्होंने एनएसयूआई और युवा कांग्रेस में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के युवा एवं वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।नियुक्ति पर ऋषि साहू ने पार्टी नेतृत्व और संगठन के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कॉलेज के पूर्व छात्रों का एलुमनी मीट 15 को, मंत्री टंकराम होंगे मुख्य अतिथि




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर के शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय 15 मई को पूर्व छात्रों का सम्मेलन "एलुमनी मीट 2026" आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। महाविद्यालय परिवार एवं पूर्व छात्र समिति द्वारा आयोजित इस सम्मेलन को लेकर पूर्व छात्रों में उत्साह का माहौल है।

महाविद्यालय परिवार ने वर्ष 2025 से पूर्व उत्तीर्ण हुए सभी भूतपूर्व छात्र-छात्राओं को ससम्मान कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया है। आयोजन समिति ने बताया कि यह सम्मेलन पुराने साथियों से पुनः मिलने, महाविद्यालय से जुड़ी यादों को ताजा करने तथा आपसी संबंधों को मजबूत बनाने का विशेष अवसर होगा। कार्यक्रम में संगीत संध्या एवं रात्रि भोज का भी आयोजन किया जाएगा।

पूर्व छात्र समिति के संयोजक डॉ. राजेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि वर्ष 2025 से पूर्व उत्तीर्ण हुए छात्रों के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 13 मई निर्धारित की गई है। इच्छुक पूर्व छात्र 13 मई को प्रातः 11 बजे तक अपना पंजीयन करा सकते हैं।

कार्यक्रम 15 मई को सायं 5.30 बजे महाविद्यालय परिसर में आयोजित होगा। आयोजन के संरक्षक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके उपाध्याय के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। महाविद्यालय परिवार ने अधिक से अधिक पूर्व छात्रों से सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

# अब घर-द्वार तक पहुंच रही विष्णु सरकार की योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ में सुशासन का संकल्प अब धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है, जहां सरकारी योजनाएं फाइलों से निकलकर सीधे जरूरतमंदों के हाथों तक पहुंच रही हैं। इसी कड़ी में सुशासन तिहार पर पलारी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत वटगन में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर आम जनता के लिए वरदान साबित हुआ। इस शिविर की सफलता का जीवंत उदाहरण तब देखने को मिल, जब जोगी राम वर्मा ने अपनी समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। प्रशासन की सक्रियता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अधिकारियों ने उनके आवेदन पर तत्काल कार्रवाई की और देखते ही देखते उन्हें आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाकर सौंप दिया।

- वटगन शिविर में जोगी राम को त्वरित मिला आयुष्मान वय वंदन कार्ड

अपने हाथ में स्वास्थ्य सुरक्षा का यह मजबूत कवच पाकर जोगी राम वर्मा के चेहरे पर मुस्कान आ गई। उन्होंने इस त्वरित सहायता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह पहल बुजुर्गों के सम्मान और स्वास्थ्य के प्रति उनकी गंभीर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शिविर के माध्यम से बिना किसी दफ्तर के चक्कर लगाए मौके पर ही कार्ड मिल जाना सुशासन की असली परिभाषा को चरितार्थ करता है। यह वाकया न केवल प्रशासनिक तत्परता को उजागर करता है, बल्कि यह भी बताता है कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रदेश का अंतिम व्यक्ति अब खुद को सशक्त और मजबूत महसूस कर रहा है।

# ग्राम पटेल संघ की बैठक में चार प्रमुख मांगों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

तहसील भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत हथबंद में ग्राम पटेल संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के ग्राम पटेलों ने राजस्व कार्यों में आ रही समस्याओं एवं अधिकारों को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में ग्राम पटेलों की भूमिका को मजबूत करने तथा प्रशासनिक कार्यों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर चार प्रमुख मांगों पर सहमति बनी।

इस दौरान ग्राम पटेल संघ ने तहसील कार्यालय भाटापारा द्वारा जारी उस आदेश का भी उल्लेख किया, जिसमें सभी पटवारियों को निर्देशित किया गया है कि जिन ग्रामों में ग्राम पटेल नियुक्त हैं, वहां राजस्व मामलों से संबंधित कार्यों में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। तहसीलदार कार्यालय भाटापारा द्वारा 28 मार्च को जारी ज्ञापन में राजस्व न्यायालय एवं अन्य राजस्व कार्यों में ग्राम पटेलों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।बैठक में संगठन के पदाधिकारि उपस्थित रहे, जिसमें दासन बंजारे अध्यक्ष, रेवा साहू अध्यक्ष, थानेश्वर साहू संरक्षक, मोतीराम वर्मा कोषाध्यक्ष, भागवत प्रसाद वर्मा सचिव, रामकुमार बाघमार उपाध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण वर्मा उपाध्यक्ष एवं जीवनलाल जायसवाल संरक्षक। वहीं टिकेंद्र बघेल और उग्रसेन वर्मा भी बैठक में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

इसके अलावा प्रदेश पटेल संघ के लिए 6 सदस्यों की नियुक्ति के लिए भेजा गया, जिसमें रेवा राम साहू, भागवत प्रसाद वर्मा, मोतीराम वर्मा, टीकाराम जायसवाल, जीवनलाल जायसवाल एवं जितेंद्र बघेल को जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि ग्राम पटेल गांव और प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं, इसलिए शासन-प्रशासन को उनकी मांगों और सुझावों को गंभीरता से लेते हुए राजस्व व्यवस्था में उन्हें उचित सम्मान और अधिकार देना चाहिए। बैठक में क्षेत्र के कई ग्राम पटेल एवं ग्रामीण प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सीमांकन, नामांतरण, भूमि बंटवारा, गिरदावली जैसे कई मामलों में ग्राम पटेलों की होती है महत्वपूर्ण भूमिका

बैठक में उपस्थित ग्राम पटेलों ने कहा कि गांव स्तर पर सीमांकन, नामांतरण, भूमि बंटवारा, गिरदावली, फौती नामांतरण एवं अन्य राजस्व मामलों में ग्राम पटेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, लेकिन कई बार उन्हें जानकारी दिए बिना कार्य किए जाते हैं, जिससे विवाद की स्थिति बनती है।बैठक में चार प्रमुख मांगें रखी गईं, जिनमें सीमांकन कार्य के दौरान ग्राम पटेल की उपस्थिति अनिवार्य करने, नामांतरण कार्य में पहले की तरह ग्राम पटेल की भागीदारी सुनिश्चित करने, पटवारी द्वारा सीमांकन के समय ग्राम पटेल को साथ लेकर जानकारी देने तथा सभी ग्राम पटेलों को बैठक एवं प्रशासनिक कार्यक्रमों की सूचना समय पर उपलब्ध कराने की मांग शामिल है।

# देवसुन्दरा में साइबर जागरूकता अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम देवसुंदरा में मंगलवार को थाना पलारी पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी से सावधानी, सुरक्षित डिजिटल लेन-देन, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा ओटीपी एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करने के संबंध में जागरूक किया गया।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने यातायात नियमों की जानकारी देते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, नशे में वाहन न चलाने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही महिला अपराधों से संबंधित कानून, सुरक्षा उपाय एवं शिकायत सहायता सेवाओं की भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने पुलिस द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जानकारियों को ध्यानपूर्वक सुना और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

# नई खाद वितरण नीति के विरोध में किसानों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भैंसा

भैंसा मुख्यालय से लगे -प्राथमिक क़ृषि साख सहकारी समिति खोरसी में किसानों द्वारा समिति अध्यक्ष और समिति प्रबंधक को ज्ञापन सौंप कर विरोध प्रदर्शित किया गया और पूर्व में जिस अनुपात में खाद का वितरण हुआ था उसी अनुपात में वितरण करने की मांग की। साथ ही उपस्थित समस्त किसानों ने खाद वितरण का बहिष्कार किया। किसानों ने एकमत में जब तक मांग पूरा नहीं होगी समिति से खाद उठाव नहीं करने का संकल्प लिय।

## पेज 9 का शेष

### कॉलेज के छात्रों ...

भवन, आधुनिक सेमिनार हॉल तथा अध्ययन कक्ष की व्यवस्था की मांग की। छात्रों ने बताया कि वर्तमान में पुस्तकालय एवं अध्ययन हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है, जिससे पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रभावित हो रही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विद्यार्थियों ने उम्मीद जताई कि शासन एवं प्रशासन उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगा और शीघ्र आवश्यक स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

सभी छात्रों ने एक स्वर में कहा महाविद्यालय के विकास एवं बेहतर शिक्षा व्यवस्था की मांग को बुलंद किया। इस अवसर पर परमेश्वर साहू, योगेश पटेल, अजय कनौजे, भूपेंद्र निषाद, दिपक, ईगल, सतीश, साकेत, मनीष, यामिनी, वर्षा, निशू, भूमि, ललिता, तनु, योगिता, सुहानी, चित्ररेखा, हेमलता, अदिती, दिव्या, काजल, राधिका, याशना, टिकेशवरी, वंदना वर्मा, कंचन वर्मा, भाग्यलक्ष्मी यादव, रितु, नीलम, पल्लवी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# तहसीलदार के आदेश को ठेंगा, डोंगरिया में बार-बार हटाये जाने के बाद फिर अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा/ हथबंद



ग्राम डोंगरिया के वार्ड 13 सतनामी पारा निवासी दशरथ जांगड़े एवं परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा घनश्याम धृतलहरे के मकान के समाने शासकीय भूमि पर तार जाली से घेरा कर अवैध कब्जा कर लिया था। जिससे घनश्याम धृतलहरे के परिवार के सदस्यों को अपने घर आने जाने में काफी समस्या हो रही थी, जिससे वह परेशान होकर अवैध कब्जा हटाने तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा था। इस पर तहसीलदार अनुराग भट्ट ने कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जा को हटवाया था। लेकिन दो माह उपरांत अवैध कब्जा धारी दशरथ जांगड़े एवं परिवार के अन्य सदस्यों ने फिर से उसी स्थान पर मकान बनाने हेतु दीवार खड़ा कर रहे थे। पुनः घनश्याम धृतलहरे ने फिर से तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा तब तहसीलदार ने उसके विरुद्ध मकान बेदखली का आदेश जारी कर मकान बनाने हेतु खड़े कर रहे दीवार को जेसीबी मशीन के माध्यम से तोड़वा कर अवैध कब्जा को हटवाया था, लेकिन पुनः अवैध कब्जाधारी ने उसी स्थान को जाली तार से घेरा कर लिया है। इस पर तहसीलदार ने बार बार अवैध कब्जा करने वाले दशरथ जांगड़े एवं परिवार के अन्य सदस्यों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही हेतु तहसीलदार अनुराग भट्ट ने हथबंध थाना प्रभारी को पत्र जारी किया था। इस पर हथबंध थाना प्रभारी ने सिर्फ 107 - 16 का मामला बनाकर मामले से अपना पल्ला झाड़ लिया। इस घटनाक्रम से ऐसा प्रतीत होता है कि अवैध कब्जा धारी एवं उनके परिवार के सदस्यों का हौसला इतना बुलंद हैं जो सीधे सीधे तहसीलदार को चुनौती देने का कार्य कर रहे हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### डॉ. बिसेसर बने पलारी ब्लॉक कांग्रेस के महामंत्री



**संडी बंगला।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी में डॉ. बिसेसर वर्मा को महामंत्री नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने इसे संगठन को मजबूती देने वाला निर्णय बताया है। डॉ. वर्मा लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। पूर्व कांग्रेस सरकार के दौरान उन्होंने राजीव युवा मितान क्लब के पलारी ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में युवाओं को संगठन से जोड़ने और जनहित के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी सक्रियता, नेतृत्व क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति पर दीपक बैज, संदीप साहू, सुमित्रा घृतलहरे, रवि बंजारे, हितेंद्र ठाकुर, सुनील कुर्रे और गोपी साहू सहित अनेक नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

### उड़ेला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आयोजन



**हथबंद।** बलौदाबाजार थाना हथबंद द्वारा विशेष जागृत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एसिड अटैक से संबंधित जानकारी, बचाव, जागरूकता व इसमें लगने वाला धारा बीएनएस 2023 की धारा 124 जिसमें बताया गया है कि ऐसिड अटैक करने वाले अपराधी को 10 वर्ष से आजीवन कारावास हो सकती है। 3 लाख तक भारी जुर्माना पटाना पड़ सकता है। वहीं पीड़ित द्वारा हेल्प लाइन 112, महिला हेल्पलाइन नं 1091 में डायल कर सूचना कर सकते हैं। बाल विवाह, साइबर क्राइम उपरोक्त के बारे में विधिक जानकारी दी गई एवं बाल- विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, आगामी नेशनल लोक अदालत के बारे में बताया।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत दो व्यक्ति के निकट परिजन प्रत्येक के लिए 4 लाख के मान से 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजन कांतिबाई सोनी पति रामचरण सोनी, निवासी ग्राम टुण्डरा, तहसील टुण्डरा एवं सावित्री वैष्णव पति भोलादास वैष्णव, निवासी ग्राम मड़वा, तहसील टुण्डरा क़ी तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### नागेश्वर बने जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, समाज में उत्साह



**सेल।** साहू समाज जिला युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद पर नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू की नियुक्ति से नगर सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल है। समाज के युवाओं एवं पदाधिकारियों ने इसे समाज के लिए गौरवपूर्ण निर्णय बताया है। नगर आगमन पर युवाओं और समाजजनों ने आतिशबाजी, फूल-मालाओं एवं जोरदार स्वागत के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान युवाओं ने मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी जाहिर की।नवनियुक्त अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने प्रदेश, जिला, तहसील एवं नगर स्तर के सभी पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों और युवा साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे।

# खडगेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

## भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बना पर्व, लोग उमड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सौजन्य से आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय, सीईओ इंद्रजीत बर्मन द्वारा खाडाबंध तालाब तट पर स्थित खडगेश्वरनाथ महादेव मंदिर के गर्भगृह में विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना कर क्षेत्र की सुख- समृद्धि की कामना की।



### गूंजा संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का संदेश

कलेक्टर ने भारतीय संस्कृति, संस्कार, आस्था, विश्वास और परंपराओं पर अपनी बात कही। जिपं अध्यक्ष पांडे ने सोमनाथ के इतिहास के बारे में बताया। इस बीच प्रोजेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री के संबोधन को लोगों ने उत्साह से सुना। कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का माहौल देखने को मिला। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिक, समाजसेवी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका सहित बिहान समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन एवं उत्साह का वातावरण बना रहा। इस दौरान केला, तरबूज का प्रसाद वितरण किया गया।

इस दौरान मंदिर के आंगन में भजन कीर्तन का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में सत्ताधारी दल के वरिष्ठ नेता जगन्नाथ पाणिग्राही, जिला अध्यक्ष ज्योति पटेल, भुवन मिश्रा सहित एसडीएम सारंगढ़ वर्षा बंसल, डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी आदि ने महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-पाठ किया और आयोजन में शामिल हुए। पूजा अर्चना पश्चात केसरवानी भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में उपस्थित जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने प्रधानमंत्री मोदी के सोमनाथ की रैली का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा।

## कलेक्टर ने पात्रता अनुसार दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राइसिकल प्रदान करने कहा

# तकनीकी स्वीकृति और तय मानक अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण जरूरी, कलेक्टर के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर जोर देते हुए तकनीकी स्वीकृति एवं तय मानक के अनुसार निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि आरईएस सहित अन्य निर्माण एजेंसी तकनिकी स्वीकृति, प्रक्कलन के अनुसार ही कार्य सम्पादित करने तकनिकी स्वीकृति के अनुसार कार्य नहीं होने पर सबंधित के विरूद्ध कार्रवाई होगी। इसी तरह समग्र योजना के तहत बनने वाले सड़कों का निर्माण भी सुनिश्चित करें। उन्होंने राज्य शासन द्वारा शुरू किये गये सेवा सेतु अंतर्गत लोक सेवा गारंटी के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को प्रदाय किये जाने वाले ट्राइसिकल वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि नियमानुसार 80 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र धारकों को ही मोटराइज्ड ट्रायसिकल देने कहा। वर्तमान में जिले को 30 मोटराइज्ड ट्रायसिकल की स्वीकृति मिली हैं।

कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पंजीयन एवं पॉस मशीन से खाद बीज वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि अभी भी एग्रीस्टेक में नवीन पंजीयन हो रहा है। आगामी गिरदावरी के समय नवीन पंजीयन का विशेष ध्यान रखा जाए। खरीफ सीजन हेतु समितियों में खाद- बीज की पर्याप्त भण्डारण, ई वितरण प्रणाली अंतर्गत पॉस मशीन की सुविधा, नैनो यूरिया के उपयोग हेतु किसानों प्रेरित करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर शर्मा ने राजस्व सम्बंधित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए 6 माह से 1 वर्ष तक लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार अभियान चलाकर निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वामित्व कार्डों का वितरण सुशासन शिविर के साथ ही संबंधित गांव में भी वितरित कराने कहा। बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, ए. आर.टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### लौटी सुनने की शक्ति, जनदर्शन में त्वरित रूप से मिला श्रवण यंत्र

**बलौदाबाजार।** कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर कुलदीप शर्मा की संवेदनशीलता से बुजुर्गों की समस्या का त्वरित समाधान हो रहा है। मंगलवार को जनदर्शन में पहुंचे ग्राम रसेड़ा निवासी 77 वर्षीय वृद्ध श्याम लाल साहू के लिए नई उम्मीद लेकर आया। लंबे समय से सुनने की समस्या से जूझ रहे श्याम लाल को तत्काल श्रवण यन्त्र मिला। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुजुर्ग श्याम लाल की स्थिति को संवेदनशीलता पूर्वक लेते हुए मौके पर ही समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशों के तत्काल अनुपालन में विभाग द्वारा वृद्ध का परीक्षण कर उन्हें डिजिटल श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। मशीन मिलते ही श्याम लाल के चेहरे पर खुशी झलक उठी और उन्होंने बताया कि अब उन्हें संवाद करने में किसी तरह की बाधा नहीं आएगी। उन्होंने इस त्वरित सहायता के लिए कलेक्टर और जिला प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि वृद्धजनों और दिव्यांगजनों की समस्याओं का निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है ताकि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जरूरतमंदों को बिना किसी विलंब के मिल सके।



## नवपदस्थ कलेक्टर से छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले की नवपदस्थ कलेक्टर पदमिनी भोई से सौजन्य कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ की ओर से उन्हें पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। मुलाकात के दौरान कलेक्टर भोई ने जिले के बेहतर परीक्षा परिणाम पर शिक्षकों को बधाई देते हुए शिक्षा गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए प्रोत्साहित किया।

■ शिक्षा सुधार को लेकर जताई प्रतिबद्धता

उन्होंने कहा कि शिक्षकों के समर्पण और सकारात्मक प्रयासों से जिले की शैक्षणिक पहचान और मजबूत होगी। वहीं शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते रहने का भरोसा दिलाया, ताकि सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना सके।

इस अवसर पर संघ के संरक्षक बीएल चंद्राकर, जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू, कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू, बिलाईगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष बुद्धेश्वर कश्यप, सारंगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, तहसील अध्यक्ष भगवान प्रसाद दुबे सहित जयंती कुर्रे, अमित केशरवानी, यशपाल यादव एवं रुपनाथ ध्रुव उपस्थित थे।

## ईशान वैष्णव बने ट्रक मालिक संघ के जिला अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला ट्रक मालिक संघ की आवश्यक बैठक में सर्वसम्मति से जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव को ट्रक मालिक संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बताया गया कि यह नियुक्ति मंत्री एवं विधायक टंकराम वर्मा की सहमति से की गई।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष एवं संघ के संरक्षक अशोक जैन ने अध्यक्ष पद के लिए ईशान वैष्णव के नाम का प्रस्ताव रखा, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने सहमति जताते हुए उन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना।

इस अवसर पर संघ के संरक्षक अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, सुधीर अग्रवाल, गणेश जायसवाल, संजीव सिंह एवं सनोज सिंह ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए संघ के नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने का विश्वास व्यक्त किया। साथ ही ट्रक मालिकों के हितों के संरक्षण एवं समस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही गई।

नवनियुक्त अध्यक्ष ईशान वैष्णव का संघ के सदस्यों एवं संरक्षकों ने पुष्पमाला एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। बैठक में नाना देशमुख, धीरज साहू, अमित यादव, संतोष ठाकुर सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## मूरा में भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित ...



**बंगोली**| समीपस्थ ग्राम मूरा के मंदिर तालाब रोड किनारे में विगत दिनों समस्त ग्रामवासियों की ओर से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र की मूर्ति स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा की गई| इस अवसर पर प्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया |

## मानदेय के इंतजार में रोजगार सहायक बच्चों की फीस और रसोई पर संकट

**पलारी।** 3 माह होने को है मानदेय की राह ताक रहे रोजगार सहायक और उनके बच्चों की फीस और रसोई पर संकट गांव में तालाब खुदवाना से लेकर अन्य काम जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, आईडी, मिशन अंत्योदय, जलदूत, जनगणना, मनरेगा ई केवाईसी, बीएलओ, साथ ही सभी काम स्वयं के मोबाइल से ऑनलाइन काम किये जाते हैं। कार्य को जमीन स्तर पर उतारने वाले आर्थिक संकट में फंसे हुए हैं। गांव की विकास योजनाओं को हर घर पहुंचाने वाले रोजगार सहायकों को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की चौखट पर अपनी मेहनत की कमाई के लिए गुहार लगाना पड़ती हैं। यदि मानदेय जल्द भुगतान नहीं हुआ तो परिवार की रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना और कठिन हो जाएगा।रोजगार सहायकों ने बताया कि बच्चों की स्कूल फीस बकाया है। घर की उधारी बढ़ी, अल्प मानदेय में बढ़ी हुई महंगाई में कठिनाइयों का सामना बार-बार करना पड़ता है। सुबह से तालाब के काम और पंचायत कार्यालय तक दौड़ भाग रहती है। मजदूर की उपस्थिति, मास्टर रोल ऑनलाइन प्रविष्टि की जिम्मेदारी होती है, लेकिन महीने के अंत तक बैंक खाते में सन्नाटा रहता है। बच्चों के सामने मुस्कुराना पड़ता है। भीतर चिंता पलती रहती है, आने वाले समय में विकसित भारत जिरामजी लागू होने को है, सरकार से रोजगार सहायकों के मानदेय शीघ्र भुगतान करने की गुहार लगाई है।

# श्रीराम जानकी मंदिर जीर्णोद्धार रंगमंच का भूमिपूजन

**लवन।** छत्तीसगढ़ लरिया केंवट समाज द्वारा ग्राम पंचायत जोगिदीप गुर्रा में समाज द्वारा निर्मित श्रीराम जानकी मंदिर जीर्णोद्धार एवं रंगमंच निर्माण की भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गीता डोमन वर्मा जिला पंचायत सदस्य, विशेष अतिथि भोला राम वर्मा जनपद पंचायत अध्यक्ष भाटापारा, अध्यक्षता नारायण प्रसाद निषाद जिलाध्यक्ष, रघुनाथ निषाद तरेंगाराज, लोकनाथ निषाद जिला महासचिव बलौदाबाजार, गोलू कैवर्त भाजपा मछुआरा प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं अध्यक्ष चंगोरी राज, फिरित कैवर्त सरंक्षक चंगोरी राज, शंकर लाल कैवर्त सरंक्षक चंगोरी राज, दिलहरण कैवर्त उप कोषाध्यक्ष चंगोरी राज सहित सभी अधिकारी उपस्थित थे।



## श्रमिकों को रोजगार और बेहतर आजीविका उपलब्ध कराने पर फोकस

# लागू होगा विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्रामीण विकास एवं आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के स्थान पर 1 जुलाई से प्रस्तावित विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) लागू किए जाने की तैयारी जिले में स्तर पर प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के नेतत्व में जिले के सभी जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में योजना लागू करने समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।



जिले में मनरेगा अंतर्गत स्वीकृत एवं प्रगतिरत सभी कार्यों को 15 जून तक पूर्ण करने, अंतिम मापन, सत्यापन एवं अभिलेख संधारण सुनिश्चित करने कहा गया है। विशेष रूप से जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यों जैसे- नवीन तालाब, डबरी, चेकडैम, वर्षा जल संचयन संरचनाएं एवं अन्य प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्यों को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराया जाएगा।ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों को निर्धारित समयावधि में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ कार्यों की सतत मॉनिटरिंग एवं पारदर्शी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पौधारोपण एवं नर्सरी संवर्धन संबंधी कार्यों को जुलाई माह तक जारी रखने की अनुमति भी प्रदान की गई है, जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को बढ़ावा मिल सके। विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के प्रभावी संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ प्राथमिकता एवं गंभीरता के साथ सुनिश्चित की जा रही हैं ताकि ग्रामीण परिवारों को सतत रोजगार, बेहतर आजीविका एवं समृद्ध ग्राम विकास का लाभ प्राप्त हो सके।

